दिनांक 09 मार्च 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

शिविर के माध्यम से बता रहे है मौसमी बीमारी से रोकथाम के उपाय, निगम के विभिन्न वार्डों में लग रहा है शिविर

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई क्षेत्र अंतर्गत , शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला का स्वास्थ्य अमला एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता , मितानीन के संयुक्त दल के साथ जलजनित बीमारियों से बचाव एवं डेंगू से बचने के लिए प्रतिदिन शहर के विभिन्न वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज वार्ड 09 कोसानगर एवं राधिका नगर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। दल के समस्त सदस्य वार्ड में घर-घर जाकर कूलर , टंकी, कन्टेनर, टायर में जमे पानी को अधिक दिन तक न रखने की सलाह दे रहे हैं। मच्छर के लार्वा न पनपे इसलिए विभिन्न क्षेत्रों में व नालियों के आसपास में मैलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है तथा घर के आस पास स्वच्छता रखने के उपाय बताए जा रहे है। निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत वार्ड 03 के कोसानगर तथा वार्ड 04 राधिकानगर में शिविर का आयोजन हुआ। इसी प्रकार सप्ताहभर में शारदापारा , संतोषीपारा, राजीवनगर, अम्बेडकर नगर, छावनी, रविदास नगर, श्यामनगर सहित विभिन्न वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा चुका है। निगम क्षेत्र के 14 वार्डों में लगे शिविर में 633 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 263 मरीजों के ब्लडप्रेशर जांच की गई, 81 मरीजों की शुगर की जांच की गई तथा 221 लोगों को ओआरएस घोल का पैकेट दिया गया। चिकित्सक दल के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराने आये लोगों को मौसमी बीमारी की रोकथाम के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। शिविर में 142 मरीजों की रक्त के नमूने हेतु स्लाईड पट्टी बनाकर लैब में परीक्षण हेतु भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त दल के द्वारा वार्ड में भ्रमण करते हुए आम नागरिकों को घर के आस पास स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ मौसमी जल जनित बीमारियों से होने वाले बचाव के उपाय भी बताये गये। साथ ही बताया जा रहा है कि अपने घर के अंदर कूलर, छत में पड़े टायर, गमले, अनुपयोगी पात्र जिस पर पुराना पानी जमा हो उसे खाली कर लेवें तथा निगम द्वारा प्रदत टेमीफास् का उपयोग करें ताकि मच्छर के लार्वा को पनपने का अवसर न मिल सके! संयुक्त दल द्वारा लगभग 1400 परिवारों से मिलकर 180 घरों के कूलरों में दवाई का छिड़काव किया गया एवं जनजागरुकता हेतु 1425 नग पाम्पलेट का वितरण किया गया जिसमें मौसमी बीमारी से बचाव के साधारण उपाय बताए गए है। जमे पानी से मच्छरों के लार्वा न पनपे इसे देखते हुए स्प्रे के माध्यम से मैलाथियान छिड़काव किया गया। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने वार्ड के नागरिकों से अपील की है कि घर के किसी सदस्य को सर्दी , खांसी, बुखार आदि होने पर अपने नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर चिकित्सक से ईलाज करावें। स्वास्थ्य शिविर में मेडिकल आॅफिसर डाॅ. लक्ष्मीकांत साहू , स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह , आनंदराम चक्रधर, चोवाराम

वर्मा, स्वास्थ्य कार्यकर्ता राजकुमार , उमेश, गोमती सिन्हा, अनिता चैधरी, शशि जांगड़े, एएनएम मीना साहू, मितानीन वर्षा मेश्राम , सुहागा बाई, प्रमिला साहू, सरिता सोनी, रेखा पाण्डे, सहित निगम व स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रहे।